भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2294
12.03.2026 को उत्तर के लिए

दिल्ली में एक्यूआई निगरानी स्टेशन

2294. श्री मल्लिकार्जुन खरगे :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच वहै कि दिल्ली में कई एक्यूआई निगरानी स्टेशन औद्योगिक या उच्च यातायात क्षेत्रों के बजाय कम प्रदूक्षण या आवासीय क्षेत्रों में स्थित हैं;
(ख) क्या सरकार ने ऐसे स्टेशनों की पर्याप्तता और स्थान-निर्धारण का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान कितने एक्यूआई निगरानी स्टेशनों को उन्नत किया गया या नए स्थापित किए गए हैं और इस संबंध में स्वीकृत, आवंटित, जारी और व्यय की गई निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा किया है; और
(ङ) ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में अतिरिक्त एक्यूआई निगरानी स्टेशनों की स्थापना के लिए तैयार की गई योजनाओं अथवा प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है तथा उनकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री :
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (ङ): केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र स्थापित करने के लिए दिशानिर्देश नामतः "परिवेशी वायु प्रदूषकों के आकलन के लिए दिशानिर्देश (खंड-1: मैनुअल नमूनाकरण और विश्लेषण के लिए दिशानिर्देश, और खंड-II: रियल टाइम नमूनाकरण और विश्लेषण के लिए दिशानिर्देश)" जारी किए हैं। इसके अलावा, सीपीसीबी ने "निरंतर परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली (रियल टाइम) की स्थापना, रखरखाव, अंशांकन, डेटा कनेक्टिविटी और डेटा गुणवत्ता जांच के लिए तकनीकी पुस्तिका" भी जारी की है। संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/प्रदूषण नियंत्रण समितियां केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी मानदंडों के अनुसार परिवेशी वायु गुणवत्ता डेटा एकत्र करने और वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क के विस्तार के लिए निगरानी केंद्र स्थापित और संचालित करती हैं।

दिल्ली में 46 परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें से 30 का संचालन डीपीसीसी, 10 का संचालन आईएमडी/आईआईटीएम और 06 का संचालन सीपीसीबी द्वारा किया जाता है। हाल ही में दिनांक 08.02.2026 को डीपीसीसी द्वारा संचालित 30 निगरानी केंद्रों में से 06 केंद्र स्थापित किए गए हैं। दिल्ली में स्थापित निगरानी केंद्रों की संख्या सीपीसीबी द्वारा निर्धारित न्यूनतम आवश्यक संख्या, अर्थात 18 से अधिक है। इन केंद्रों और संबंधित निगरानी एजेंसियों का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

******

अनुबंध-I

दिल्ली में परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केन्द्रों का विवरण

क्र.सं.	निगरानी केन्द्रों का स्थान
	डीपीसीसी द्वारा संचालित
1.	अलीपुर (आवासीय + वाणिज्यिक)
2.	आनंद विहार (वाणिज्यिक + यातायात के लिए फुटपाथ)
3.	अशोक विहार (आवासीय)
4.	बावाना (औद्योगिक)
5.	छावनी क्षेत्र (आवासीय)
6.	कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (आवासीय + वाणिज्यिक)
7.	डॉ. करणी सिंह सुटिंग क्षेत्र (अन्य; वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र)
8.	द्वारका-सेक्टर 8 (व्यावसायिक + यातायात के लिए फुटपाथ)
9.	इगनू मैदान गढ़ी (आवासीय)
10.	जेएनयू (आवासीय)
11.	जहांगीरपुरी (व्यावसायिक + यातायात के लिए फुटपाथ)
12.	जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (आवासीय)
13.	मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम (आवासीय)
14.	मंदिर मार्ग (आवासीय)
15.	मुंडका (व्यावसायिक + पुनर्विकास)
16.	एनएसयूटी जाफरपुर (आवासीय)
17.	नजफगढ़ (आवासीय)
18.	नरेला (औद्योगिक)
19.	नेहरू नगर (आवासीय)
20.	ओखला फेज-2 (औद्योगिक)
21.	पटपड़गंज (आवासीय)
22.	पंजाबी बाग (आवासीय)
23.	पूसा (यातायात के लिए फुटपाथ)
24.	आरके पुरम (आवासीय)
25.	रोहिणी (आवासीय)
26.	सोनिया विहार (आवासीय)
27.	श्री अरबिंदो मार्ग (आवासीय)
28.	टालकटोरा गार्डन (आवासीय)
29.	विवेक विहार (आवासीय)
30.	वज़ीरपुर (औद्योगिक)
	आईएमडी/आईटीएम द्वारा संचालित
31.	आयानगर

32.	बुराड़ी क्रॉसिंग
33.	सीआरआरआई मथुरा रोड
34.	चांदनी चौक
35.	आईजीआई हवाई अड्डा (टी3)
36.	आईआईटी दिल्ली
37.	लोधी रोड
38.	लोधी रोड
39.	नॉर्थ कैंपस, डीयू
40.	पूसा
सीपीसीबी द्वारा संचालित	
41.	डीटीयू
42.	आईएचबीएएस, दिलशाद गार्डन
43.	आईटीओ
44.	एनएसआईटी द्वारका
45.	शादीपुर
46.	सिरीफोर्ट

***